# प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

**स्रोत: पी.आई.बी.**

भारत सरकार का महिला एवं बाल विकास मंत्रालय हमारे बच्चों की ऊर्जा, दृढ़ संकल्प, क्षमता, जोश और उत्साह का जश्न मनाने के लिये प्रत्येक वर्ष **प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार** का आयोजन करता है।

## प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार:

- **दो श्रेणियाँ:** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार दो श्रेणियों के अंतर्गत दिया जाता है:
  - **बाल शक्ति पुरस्कार और**
  - **बाल कल्याण पुरस्कार**
- **बाल शक्ति पुरस्कार:**
  - **मान्यता:**
    - यह भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष विभिन्न क्षेत्रों यानी नवाचार, शैक्षिक उपलब्धियों, सामाजिक सेवा, कला एवं संस्कृति, खेल और बहादुरी में बच्चों की **असाधारण उपलब्धियों को मान्यता देने** के लिये दिया जाता है।
  - **पात्रता:**
    - एक बच्चा जो भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है तथा उसकी उम्र 5-18 वर्ष के बीच है।
  - **पुरस्कार:**
    - एक पदक, **1,00,000 रुपए का नकद पुरस्कार** ,10,000 रुपए के पुस्तक वाउचर, एक प्रमाणपत्र और प्रशस्तिपत्र।
  - **पृष्ठभूमि:**
    - इसे वर्ष 1996 में असाधारण उपलब्धि के लिये राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के रूप में स्थापित किया गया था, जिसे वर्ष 2018 में बाल शक्ति पुरस्कार नाम दिया गया।
- **बाल कल्याण पुरस्कार:**
  - **मान्यता:**
    - यह उन **व्यक्तियों और संस्थानों** को मान्यता के रूप में दिया जाता है, जिन्होंने बाल विकास, बाल संरक्षण और बाल कल्याण के क्षेत्र में बच्चों की सेवा में उत्कृष्ट योगदान दिया है।
  - **पात्रता:**
    - एक व्यक्ति जो **भारतीय नागरिक है और भारत में रहता है तथा उसकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये (** संबंधित वर्ष के 31 अगस्त को)। उसने कम-से-कम 7 वर्ष तक बच्चों के हित के लिये कार्य किया हो।
    - संस्था **पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित नहीं होनी चाहिये** और 10 वर्षों से बाल कल्याण के क्षेत्र में संलग्न होनी चाहिये, साथ ही इस क्षेत्र में लगातार प्रदर्शन कर रही हो।
  - **पुरस्कार:**
    - **प्रत्येक दो श्रेणियों में तीन पुरस्कार दिये जाते हैं** - व्यक्तिगत नकद पुरस्कार 1,00,000 रुपए और संस्थागत नकद पुरस्कार 5,00,000 रुपए।
  - **पृष्ठभूमि:**
    - इसे वर्ष **1979 में राष्ट्रीय बाल कल्याण पुरस्कार** के रूप में स्थापित किया गया था, जिसे 2018 से बाल कल्याण पुरस्कार नाम दिया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/pradhan-mantri-rashtriya-bal-puraskar